कार्यालय, प्राचार्य ,राजकीय कन्या महाविद्यालय,चौमूँ ,(जयपुर)

पॉवर हाऊस के पीछे, मोरीजा रोड़, चौमूँ (जयपुर) 303702, राजस्थान

Website: https://hte.rajasthan.gov.in/college/ggcchomu

email : ggc_chomu@yahoo.com, ggcchomu99@gmail.com Ph : 01423-223224

क्रमांक : रा.क.म.चौ./2022/.....845 दिनांक : 7/04/22

सत्र 2021–22

स्काउट गाईड की वार्षिक गतिविधियाँ

- पर्यावरण संरक्षण एवं हरित राजस्थान की संकल्पना पर रेंजर्स की दोनों इकाईयों द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 12–8–2021 को महाविद्यालय परिसर में किया गया।

कन्या महाविद्यालय की रोवर रेंजर एवं एनएसएस के तत्वावधान में पौधरोपण

दीपक सैनी जागरुक टाइम्स संवाददाता

चौमूं। शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित राजस्थान की संकल्प संकल्पना पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आगाज किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कविता गौतम ने महाविद्यालय में वृक्षारोपण कर किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम महाविद्यालय की रोवर रेंजर शाखा एवं एनएसएस की दोनों इकाइयां प्रथम व द्वितीय के संयुक्त तत्वाधान में हुआ तथा इसमें महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों ने भी पौधरोपण का संकल्प लिया तथा सभी ने एक स्वर में इच्छा जताई कि महाविद्यालय के परिसर को स्वच्छ व हरा भरा रखने के लिए हमें वर्ष पर्यन्त वृक्षारोपण कार्यक्रम जारी रखना है। डॉ. तौफीक हुसैन ने बताया कि हमें 'एक पेड़ एक महाविद्यालय कर्मचारी' की संकल्पना स्थापित करनी है। कार्यक्रम के अंत में शाहिना परवीन, डॉ. नीलम शर्मा, डॉ. अभिलाषा जैमन व डॉ. महेश कुमार पालीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

रोवर रेंजर व एनएसएस के तत्वावधान में रोपे पौधे

खबरों की दुनिया

दीपक सैनी

चौमू। शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित राजस्थान की संकल्प संकल्पना पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आगाज किया गया। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कविता गौतम ने महाविद्यालय में वृक्षारोपण कर किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम महाविद्यालय की रोवर रेंजर शाखा एवं एनएसएस की दोनों इकाइयां प्रथम व द्वितीय के संयुक्त तत्वाधान में हुआ तथा इसमें महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारियों ने भी वृक्षारोपण का संकल्प लिया तथा सभी ने एक स्वर में इच्छा जताई कि महाविद्यालय के परिसर को स्वच्छ व हरा भरा रखने के लिए हमें वर्ष पर्यन्त वृक्षारोपण कार्यक्रम जारी रखना है। डॉ. तौफीक हुसैन ने बताया कि हमें एक पेड़ एक महाविद्यालय कर्मचारी की संकल्पना स्थापित करनी है। कार्यक्रम के अंत में शाहिना परवीन, डॉ नीलम शर्मा, डॉ अभिलाषा जैमन व डॉ महेश कुमार पालीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

- राजकीय कन्या महाविद्यालय में 75वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्ण राजकीय गरिमा और सम्मान के साथ मनाया गया जिसमें रेजंर्स ने सहर्ष भागीदारी निभायी तथा स्वतंत्रता दिवस को लेकर अपने विचार व्यक्त किये एवं देशभक्ति से परिपूर्ण गान किए।

सायंकालीन बी एल भण्डारी

समाचार जगत

राजकीय कन्या महाविद्यालय में 75वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया

चौमूं (निसं)। शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में 75वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूर्ण राजकीय गरिमा और सम्मान के साथ मनाया गया। प्राचार्य डॉ. कविता गौतम ने ध्वजारोहण किया तथा समस्त छात्राओं, शैक्षणिक तथा

शैक्षणिक कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गाया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ और छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस को लेकर अपने विचार व्यक्त किए तथा रेजर्स में देश भक्ति पूर्ण गान किया। प्राचार्य डॉ. गौतम ने अपने अभी भाषण से युवाओं को स्वतंत्रता दिवस की गरिमा और इतिहास से अवगत कराया तथा उन्हें आगामी जीवन में इस राष्ट्रीय पर्व की पावन भावना से सीख लेने का आवाहन किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संचालक राजेश्वरी देवी राठौड़ ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया और महाविद्यालय की समस्त शैक्षणिक और शैक्षणिक स्टाफ तथा छात्राओं ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गान किया। कार्यक्रम में डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ. तौफीक हुसैन, शिव सैनी आदि उपस्थित थे।

- दिनांक 10–12 –2021 को मनवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय स्तर पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें रेंजर्स ने पूर्ण निष्ठा के साथ अपनी भागीदारी निभाई।

कन्या महाविद्यालय में मनाया गया मानवाधिकार दिवस

टीपक सैनी **जागरुक टाइम्स संवाददाता**

चौमूं। शहर के मोरीजा रोड स्थित है राजकीय कन्या महाविद्यालय में मानवाधिकार क्लब, एनएसएस एवं स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। प्राचार्य डॉ. कविता गौतम ने अपने उद्बोधन में बताया कि मानवाधिकार की घोषणा 10 दिसम्बर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा की गई। यह अधिकार मानव के वे मूल अधिकार हैं जिनके बिना मानव जीवन संभव नहीं है। हिरोशिमा और नागासाकी युद्ध के बाद जब मानव जीवन की संभावनाएं लगभग खत्म सी हो गई तब इन अधिकारों का प्रादुर्भाव हुआ यह अधिकार मानव जीवन के आवश्यक अधिकार हैं। डॉ तौफीक हुसैन ने अपने वक्तव्य में बताया कि मानव अधिकार मानव के लिए जरूरी है, लेकिन तभी तक आवश्यक है जब भी जब तक हम अपने कर्तव्यों का निरंतर पालन करते रहे। कार्यक्रम का व्यवस्थित संचालन एवं आयोजन मानवाधिकार क्लब की डॉ. प्रणु शुक्ला ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कविता गौतम, डॉ. तौफीक हुसैन, डॉ. नरेश अग्रवाल, डॉ. राजेश्वरी देवी राठौड, शिव सैनी, एनएसएस की संयुक्त इकाइयों के सांवरमल जाट, डॉ. अभिलाषा जैमन, स्काउट की संयुक्त इकाइयों के नीलम शर्मा, शाहीना परवीन मौजूद रही।

कन्या महाविद्यालय में मनाया गया मानवाधिकार दिवस

टीपक सैनी

जयपुर गुलाबी टाइम्स

चौमूं। शहर के मोरीजा रोड स्थित है राजकीय कन्या महाविद्यालय में मानवाधिकार क्लब, एनएसएस एवं स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निबंध और पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। प्राचार्य डॉ. कविता गौतम ने अपने उद्बोधन में बताया कि मानवाधिकार की घोषणा 10 दिसम्बर 1948 को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा की गई। यह अधिकार मानव के वे मूल अधिकार हैं जिनके बिना मानव जीवन संभव नहीं है। हिरोशिमा और नागासाकी युद्ध के बाद जब मानव जीवन की संभावनाएं लगभग खत्म सी हो गई तब इन अधिकारों का प्रादुर्भाव हुआ यह अधिकार मानव जीवन के आवश्यक अधिकार हैं।

डॉ तौफीक हुसैन ने अपने वक्तव्य में बताया कि मानव अधिकार मानव के लिए जरूरी है लेकिन तभी तक आवश्यक है जब भी जब तक हम अपने कर्तव्यों का निरंतर पालन करते रहे। कार्यक्रम का व्यवस्थित संचालन एवं आयोजन मानवाधिकार क्लब की डॉ प्रणु शुक्ला ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कविता गौतम, डॉ तौफीक हुसैन, डॉ नरेश अग्रवाल, डॉ राजेश्वरी देवी राठौड, शिव सैनी, एनएसएस की संयुक्त इकाइयों के सांवरमल जाट, डॉ अभिलाषा जैमन, स्काउट की संयुक्त इकाइयों के नीलम शर्मा, शाहीना परवीन मौजूद रही। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ अभिलाषा जैमन ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

- राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूँ में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियन 2022 एक दिवसीय क्लस्टर कैंप का आयोजन किया गया जिसमें रेंजर्स ने अपनी भागीदारी दी।

ऑनलाईन नव मतदाता पंजीकरण शिविर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

चौमूं। शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 2022 एक दिवसीय क्लस्टर कैंप का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.डी. गुप्ता ने छात्राओं को मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकरण करने हेतु प्रेरित किया। ईलसी क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. तौफिक हुसैन ने वोटर हेल्प लाईन ऐप के माध्यम से मतदाता पंजीकरण की जानकारी दी। इस मौके पर शाहीना परवीन, सांवरमल जाट, डॉ. अभिलाषा जैमन, डॉ. नीलम शर्मा, एकैम्पस एम्बेसेडर सुश्री मोनिका जांगिड, कम्प्यूटर अनुदेशक शिव सैनी सहित अनेक संकाय सदस्य उपस्थित थे।

ऐप से मतदाता पंजीकरण की दी जानकारी

चौमूं @ पत्रिका. मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार को विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान-2022 के तहत क्लस्टर शिविर का आयोजन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसडी गुप्ता ने छात्राओं को मतदाता सूची में नाम पंजीकरण करने को लेकर प्रेरित किया। ईलसी क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. तौफिक हुसैन ने वोटर हेल्प लाइन ऐप के माध्यम से मतदाता पंजीकरण की जानकारी दी। शाहीना परवीन, सांवरमल जाट, डॉ. अभिलाषा जैमन, डॉ.नीलम शर्मा, मोनिका जांगिड़ सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

- 2 अक्टूबर 2021 को स्काउट गाइड के द्वारा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती समाराह पूर्ण उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें रेंजर्स के द्वारा शपथ ली गई कि वह इन महापुरूषों के बताए गए रास्ते पर चलेंगे।

गांधी जयंती तथा शास्त्री जयंती का समारोह मनाया

■ जयपुर गुलाबी टाइम्स

दीपक सैनी

चौमूं। शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जयंती तथा शास्त्री जयंती का समारोह प्राचार्य डॉ. शम्भु दयाल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की इसके बाद महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ तौफीक हुसैन ने गांधी जी के तथा शास्त्री जी के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अग्रिम श्रंखला में सदन को प्राचार्य गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि केवल गांधीजी, शास्त्री जी इत्यादि की जयंती या पुण्यतिथि मनाने से ही कार्य नहीं होगा उनके बताए हुए रास्ते पर भी चलना होगा ।

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में मनाई गई गांधी जयंती व शास्त्री जयंती

समारोह प्राचार्य डॉ. शम्भु दयाल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित हुआ कार्यक्रम

खबरों की दुनिया

दीपक सैनी

चौमूं। शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा स्काउट गाइड के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जयंती तथा शास्त्री जयंती का समारोह प्राचार्य डॉ. शंभुदयाल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य ने गांधीजी एवं शास्त्रीजी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. तौफीक हुसैन ने गांधी जी के तथा शास्त्री जी के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अग्रिम श्रृंखला में सदन को प्राचार्य गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि केवल गांधीजी, शास्त्रीजी इत्यादि की जयंती या पुण्यतिथि मनाने से ही कार्य नहीं होगा उनके बताए हुए रास्ते पर भी चलना होगा साथ ही उन्होंने कहा कि हमें दूसरे की पीड़ा समझ कर जीवन के लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेश कुमार पालीवाल ने किया। इसके बाद कार्यक्रम संचालन की टीम के सदस्य डॉ. शाहिना परवीन, डॉ. अभिलाषा जैमन, डॉ. नीलम शर्मा ने सभी सकाय सदस्यों तथा उपस्थित सदस्यों का छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

- राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर दिनांक 24–01–2022 को महाविद्यालय स्तर पर रेंजर्स की दोनों इकाईयों द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रेंजर्स ने उत्साह पूर्वक अपनी सहभागिता निभाई।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित की गई पोस्टर प्रतियोगिता

खबरों की दुनिया

चौमूं। शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रेंजर प्रथम एवं द्वितीय की छात्राओं के लिए महाविद्यालय स्तर पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें छात्राओं द्वारा उत्साह पूर्वक सहभागिता दिखायी। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए पार्ट प्रथम की छात्रा शालु योगी, द्वितीय स्थान पर बीएससी गणित पार्ट प्रथम की छात्रा अलिशा यादव, तृतीय स्थान पर बीएससी पार्ट प्रथम की छात्रा रेखा यादव रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शम्भु दयाल गुप्ता ने छात्राओं को शिक्षा एवं रोजगार परक भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के अंत में रेंजर्स इकाई द्वितीय की अधिकारी शाहीन परवीन ने छात्राओं को उनके जीवन के सर्वांगीण विकास के प्रति निरंतर प्रयत्नशील रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित की गई पोस्टर प्रतियोगिता

चौमूं। शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रेंजर प्रथम एवं द्वितीय की छात्राओं के लिए महाविद्यालय स्तर पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें छात्राओं द्वारा उत्साह पूर्वक सहभागिता दिखायी। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बीए पार्ट प्रथम की छात्रा शालु योगी द्वितीय स्थान पर बीएससी गणित पार्ट प्रथम की छात्रा अलिशा यादव तृतीय स्थान पर बीएससी पार्ट प्रथम की छात्रा रेखा यादव रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शम्भु दयाल गुप्ता ने छात्राओं को शिक्षा एवं रोजगार परक भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के अंत में रेंजर्स इकाई द्वितीय की अधिकारी शाहीन परवीन ने छात्राओं को उनके जीवन के सर्वांगीण विकास के प्रति निरंतर प्रयत्नशील रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, हरीश शर्मा के लिए महासती प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़, जयपुर से मुद्रित।

- दिनांक 25–01–2022 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्राचार्य द्वारा छात्राओं को शपथ दिलवाई तथा उन्हें निष्पक्ष मतदान एवं निर्भिक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्राचार्य ने छात्राओं को दिलवाई शपथ

चौमूं। शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या विद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्राचार्य शम्भु दयाल गुप्ता की अध्यक्षता में मनाया गया। प्राचार्य गुप्ता ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर छात्राओं को शपथ दिलवाई। इन्होने छात्राओं को निष्पक्ष मतदान एवं निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मतदाता जागरुकता क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. तौफिक हुसैन ने मतदाता दिवस के महत्व से छात्राओं को अवगत कराते हुये लोकतंत्र की सार्थकता मतदान में युवाओं की सक्रिय सहभागिता को आवश्यक बताया। बीएलओ कजोड़ मल बुनकर ने छात्राओं को मतदाता पंजीकरण एवं मतदान की अनिवार्यता पर छात्राओं को विभिन्न ऐप एवं पोर्टल के बारे में अवगत करवाया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्राचार्य ने छात्राओं को दिलवाई शपथ

■ जयपुर गुलाबी टाइम्स

चौमूं। शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या विद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्राचार्य शम्भु दयाल गुप्ता की अध्यक्षता में मनाया गया। प्राचार्य गुप्ता ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर छात्राओं को शपथ दिलवाई। इन्होने छात्राओं को निष्पक्ष मतदान एवं निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मतदाता जागरुकता क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. तौफिक हुसैन ने मतदाता दिवस के महत्व से छात्राओं को अवगत कराते हुये लोकतंत्र की सार्थकता मतदान में युवाओं की सक्रिय सहभागिता को आवश्यक बताया। बीएलओ कजोड़ मल बुनकर ने छात्राओं को मतदाता पंजीकरण एवं मतदान की अनिवार्यता पर छात्राओं को विभिन्न ऐप एवं पोर्टल के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर डॉ कविता गौतम, रेंजर प्रभारी शाहिना परवीन, एन.एस.एस. प्रभारी डॉ अभिलाषा जैमन, सांवरमल जाट, राजेश्वरी देवी राठौड़, शिव सैनी आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्राचार्य ने छात्राओं को दिलवाई शपथ

खबरों की दुनिया

चौमूं। शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या विद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्राचार्य शम्भु दयाल गुप्ता की अध्यक्षता में मनाया गया। प्राचार्य गुप्ता ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर छात्राओं को शपथ दिलवाई। इन्होने छात्राओं को निष्पक्ष मतदान एवं निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर मतदाता जागरुकता क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. तौफिक हुसैन ने मतदाता दिवस के महत्व से छात्राओं को अवगत कराते हुये लोकतंत्र की सार्थकता मतदान में युवाओं की सक्रिय सहभागिता को आवश्यक बताया। बीएलओ कजोड़ मल बुनकर ने छात्राओं को मतदाता पंजीकरण एवं मतदान की अनिवार्यता पर छात्राओं को विभिन्न ऐप एवं पोर्टल के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर डॉ कविता गौतम, रेंजर प्रभारी शाहिना परवीन, एन.एस.एस. प्रभारी डॉ अभिलाषा जैमन, सांवरमल जाट, राजेश्वरी देवी राठौड़, शिव सैनी आदि उपस्थित थे।

- महाविद्यालय में दिनांक 26–01–2022 को रेंजर्स द्वारा उत्साहपूर्वक गणतंत्र दिवस के आयोजन में भाग लिया।

- महाविद्यालय में दिनांक 08–03–2022 को रेंजर्स तथा एन.एस.एस. के संयुक्त तत्वावधान में महिला जागरूता रैली निकाली गयी साथ ही महाविद्यालय में आज के परिप्रेक्ष में नारी की स्थिति विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

चोमू महिला दिवस पर कन्या महाविद्यालय ने निकाली जागरूकता रैली

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

चौमूं। स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर शंभू दयाल गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने छात्राओं निकाली गई महिला जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा प्राचार्य ने छात्राओं को महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचारों को रोकने के उपाय बताये । इन्होंने कहा कि एक महिला शिक्षित होने पर पूरी पीढ़ी को शिक्षित करती है । एनएसएस प्रभारी इकाई प्रथम डॉक्टर अभिलाषा जैमन तथा इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. सांवरमल जाट ने बताया कि छात्राओं द्वारा कृष्णा कॉलोनी में महिला जागरूकता एवं महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर रैली निकाली गई जिसमें कृष्णा कॉलोनी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला जागरूकता का संदेश दिया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय में ÷आज के परिपेक्ष्य में नारी की स्थिति÷ विषय को लेकर परिचर्चा रखी गई जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। डॉ. कविता गौतम ने अपने व्याख्यान मे कन्या भ्रूण हत्या, परिवर्तन के लिए सक्षम नारी तथा समायोजन एवं बढ़ते अपराधों को रोकने में नारी की भूमिका से अवगत कराया।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे एनएसएस प्रभारी सांवरमल जाट ने छात्राओं एवं उपस्थित मंच का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर स्काउट प्रभारी डॉ. नीलम शर्मा, तोफिक हुसैन, डॉ. हंसा लुणायच, डॉ.राजेश्वरी देवी राठौड़ डॉ. अनिता मीणा, डा. अलका त्रिपाठी ,डॉ. मधुलिका सिंह उज्जवल, नरेश अग्रवाल, कंप्यूटर अनुदेशक शिव सैनी आदि उपस्थित रहे

चौमूं में निकाली जागरूकता रैली

चौमूं। शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन प्राचार्य डॉ. शंभुदयाल गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। प्राचार्य ने महिला जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि एक महिला शिक्षित होने पर पूरी पीढ़ी को शिक्षित करती है। एनएसएस प्रभारी इकाई प्रथम डॉ. अभिलाषा जैमन तथा इकाई द्वितीय प्रभारी डॉ. सांवरमल जाट ने बताया कि छात्राओं द्वारा कृष्णा कॉलोनी में महिला जागरूकता एवं महिलाओं के अधिकारों को सुरक्षा को लेकर रैली निकाली गई, जिसमें कृष्णा कॉलोनी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके बाद महाविद्यालय में 'आज के परिप्रेक्ष्य में नारी की स्थिति' विषय पर परिचर्चा हुई। डॉ. कविता गौतम ने अपने व्याख्यान में कन्या भ्रूण हत्या, परिवर्तन के लिए सक्षम नारी तथा समायोजन एवं बढ़ते अपराधों को रोकने में नारी की भूमिका से अवगत कराया।

- महाविद्यालय में दिनांक 23–03–2022 को शहीद दिवस पर रेंजर्स द्वारा शहीदों को भावपूर्ण श्रृद्धांजलि अर्पित की गई।

जयपुर टाइम्स | 3

शहीद दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स

चौमूं(निसं.)। आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में प्राचार्य डॉ. शंभू दयाल गुप्ता की अध्यक्षता में शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. तौफीक हुसैन ने भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की शहादत को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी कार्यक्रम डॉ. अभिलाषा जैमन ने स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों की योगदान की विस्तार से चर्चा की। स्काउट प्रभारी डॉ. नीलम शर्मा ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों से अवगत करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा पूजा बुनकर व मोनिका बुरी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महाविद्यालय संकाय सदस्यों, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्काउट रेंजर इकाई, कंप्यूटर अनुदेशक शिव सैनी द्वारा शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सहित अनेक संकाय सदस्य उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर जयपुर जिला चौमू 24-03-2022

राजकीय कन्या महाविद्यालय में मनाया गया शहीद दिवस, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता। चौमू

आजादी के 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शहर के मोरीजा रोड स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. शंभू दयाल गुप्ता की अध्यक्षता में शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. तौफीक हुसैन ने भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की शहादत को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी कार्यक्रम डॉ. अभिलाषा जैमन ने स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों की योगदान की विस्तार से चर्चा की। स्काउट प्रभारी डॉ. नीलम शर्मा ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के मूल्यों से अवगत करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्रा पूजा बुनकर व मोनिका बुरी ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय संकाय सदस्यों, राष्ट्रीय सेवा योजना व स्काउट रेंजर इकाई , कंप्यूटर अनुदेशक शिव सैनी की ओर से शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सहित अनेक संकाय सदस्य उपस्थित थे।

- राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार स्काउट प्रशिक्षण केन्द्र, मण्डल मुख्यालय बनीपार्क, जयपुर द्वारा दिनांक 14–02–2022 से 18–02–2022 तक आयोजित निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय की रेंजर्स द्वारा भाग लिया गया।

- महाविद्यालय की रेंजर्स ने राज्य पुरस्कार रेंजर टेस्टिंग केम्प में भाग लिया जिसमें वह सफलतापूर्णक उत्तीर्ण हुई।

शाहीना 7/04/22

शाहीना परवीन
रेंजर प्रभारी -I

नीलम शर्मा
रेजर प्रभारी–II

7.4.22

प्राचार्य
राजकीय कन्या महाविद्यालय
चौमूँ (जयपुर)